हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

11 लोगों के हिस्से का पानी सोनीपत रोड पर बह रहा ..



12 शांतिपूर्वक हुई जिप बैठक, 8 में से 6 एजेंडे पास, 2 रखे



## डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए थे निर्देश

# शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई: सुंदरपुर गांव में संचालित तीन गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को किया सील, 70 अवैध स्कूलों को थमाए गए थे नोटिस

### जल्द ही अन्य स्कूलों पर भी होगी कार्रवाई

### पुलिस की मौजूदगी में विद्यालयों को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा विभाग ने जिले में अवैध रूप से चलाए जा रहे स्कूलों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के गांव सुंदरपुर में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में दिए गए आदेशों की पालना करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल, टिटौली कलस्टर हेड सरोज नारा ने पुलिस अधिकारियों के साथ गांव के तीनों गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को सील कर दिया गया है। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सूची ग्राम पंचायत के सरपंच से मांगी गई है ताकि इन बच्चों का राजकीय विद्यालय में दाखिल करवाया जा सके। इससे पहले शिक्षा विभाग ने जिले में अवैध रूप से चलाए जा रहे 70 स्कूलों की लिस्ट जारी की थी जिन्हें सील करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।







### छात्रों की सूची मांगी गई

धीरेंद्र खडगटा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायतों की सुनवाई करते समय शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे गांव में संचालित किए जा रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को सील करें तथा इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का गांव में स्थित राजकीय विद्यालय में दाखिल करवाए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इन आदेशों की पालना करते हुए पुलिस के अधिकारी व पुलिस बल की मौजूदगी में चिन्हित किए गए तीनों गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को सील कर दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा गांव के सरपंच से इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सूची मांगी गई है ताकि उनका दाखिला राजकीय विद्यालय में करवाया जा सके। शिक्षा विभाग ने हाल ही में जिले में चलाए जा रहे 70 अवैध स्कूलों की लिस्ट जारी की थी। इनमें आठवीं, दसवीं और 12वीं तक की मान्यता होने का दावा करते हुए स्कूल चलाए जा रहे थे। यहां हजारों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने स्कूलों को नोटिस भेजकर बंद करने के लिए चेतावनी दी थी।

## खबर संक्षेप

### महम: अटल किसान मजदूर कैंटीन का उद्घाटन आज

**महम।** अनाज मंडी महम में बुधवार 9 अप्रैल को दोपहर सवा 12 बजे अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ किया जाएगा। इस कैंटीन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा करेंगे। साथ ही एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट भी मौजूद रहेंगे। कैंटीन की देखरेख मार्केट कमेटी महम द्वारा की जाएगी। मार्केट कमेटी महम के सचिव दीपक ने बताया कि इस कैंटीन में अनाज मंडी में आने वाले किसानों और मजदूरों को सस्ते रेट पर भोजन मुहैया करवाया जाएगा।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि सुर्या कॉलोनी के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अंकुश निवासी डिडवाडी जिला पानीपत के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### स्वंय सेवकों को पढ़ाया स्वस्थ रहने का पाठ

**सांपला।** खंड के गांव इस्माइला राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन डॉक्टरों ने स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने का पाठ पढ़ाया। डाक्टर ज्योति छिकारा ने कहा कि वह अपने परिवार को भी नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करें। क्योंकि नशा धन बल व मनुष्य की मानसिकता को खत्म करता है। एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। कैंप की इंचार्ज किरण ने भी स्वयं सेविकाओं को कौशल विकास व श्रम रोजगार के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य स्वास्थ्य कर्मी अनिता व ज्योति ने अपने विचार रखे।



### गाड़ी सवार तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गाड़ी सवार तीन युवकों को नशीले पदार्थ समेत काबू किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी मनोज ने बताया कि भिवानी रोड नजदीक शुगर मील के पास गश्त में मौजूद थी। सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए सुनारिया से महम की तरफ जाने वाली रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया।

## उपायुक्त ने लघु सचिवालय परिसर और कोर्ट के बाहर सड़क का किया निरीक्षण

# लघु सचिवालय परिसर के आसपास नहीं लगेंगी रेहड़ी, कोर्ट चौक पर खड़े वाहन अब होंगे जब्त

- दो पहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए किए जाएंगे वैकल्पिक प्रबंध
- लघु सचिवालय में साफ-सफाई व शौचालयों के रखरखाव बारे भी दिए गए दिशा-निर्देश
- ई-दिशा केंद्रों में शुरू करवाए बायोमेट्रिक उपस्थिति
- यातायात को सुगम बनाने के लिए उठाए जा रहे है कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लघु सचिवालय, कोर्ट परिसर और आसपास के एरिया को जाम मुक्त करने एवं पार्किंग की सुविधा देने के लिए प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने संबंधित अधिकारियों के साथ लघुसचिवालय और इसके बाहर के एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों को तुरंत अपनी रेहड़ी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा नागरिकों को लघु सचिवालय परिसर के आसपास दो पहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सड़क के किनारे वाहन पार्किंग से आवागमन में हो रही असुविधा के दृष्टिगत ऐसे वाहनों की पार्किंग के लिए वैकल्पिक प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने साफ किया कि कोर्ट के बाहर रोड पर खड़े होने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई होगी। इसके अलावा लघु सचिवालय परिसर के बाहर रोड पर रेहड़ी नहीं लगाई जाएंगी।

### निरीक्षण करते उपायुक्त



### अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त



### यहां बनाई पार्किंग

- लघु सचिवालय परिसर में पार्किंग के साथ-साथ विकसित किए गए दो पार्कों को ट्रायल के तौर पर दो पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए प्रयोग किया जाएगा।
- वकीलों के वाहनों की पार्किंग के लिए लघु सचिवालय के सामने बनाई गई पार्किंग तथा ट्रेजरी भवन में बनाई गई पार्किंग में जगह उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए उन्हें कोई चार्ज नहीं देना होगा।
- इसी प्रकार लघु सचिवालय के पुराने भवन में टेलीफोन एक्सचेंज के साथ लगते परिसर में भी दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी।

### हटानी होंगी रेहड़ियां

डीसी ने न्यायिक परिसर के सामने सड़क के दोनों ओर लगाई गई रेहड़ी-फड़ी वालों को निर्देश दिए कि वे सड़क के किनारे से अपनी रेहड़ियों को हटाए। उन्होंने कोर्ट के चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क के किनारे अवैध तरीके से रेहड़ी लगाने वालों की रेहड़िया हटवाई जाए। उनके साथ जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा भी मौजूद रहे।

### नहीं खड़े होंगे वाहन

कोर्ट के चौक पर नहीं खड़े होंगे वाहन-डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने ट्रैफिक एसएचओ को निर्देश देते हुए कहा कि न्यायिक परिसर के सामने से गुजरने वाली मुख्य सड़क व न्यायालय चौक के पास कोई भी वाहन खड़ा न होने दें। दो दिन के बाद यदि कोई वाहन चालक सड़क किनारे या चौक के आसपास वाहन खड़ा करेगा तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने ट्रैफिक एसएचओ को यातायात सुचारू ढंग से चलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शौचालयों के रखरखाव के दिशा-निर्देश दिए

धीरेंद्र खडगटा ने स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में स्थित उपमंडलाधीश कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को लघु सचिवालय परिसर में स्थित सभी शौचालयों के रखरखाव बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सचिवालय परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति शुरू हो

डीसी ने डीआईओ को निर्देश दिए कि वे ई-दिशा केंद्रों में बायोमेट्रिक उपस्थिति शुरू करवाए ताकि सभी कर्मचारी समय पर पहुंचकर नागरिकों को सेवाए प्रदान करें।



**रोहतक।** मॉडल टाऊन के दुकानदार विरोध जताते हुए। फोटो: हरिभूमि

## देर रात तक दुकान खोलने पर फूड कोर्ट दुकानदार हिरासत में

# व्यापारियों में भारी रोष एसपी को सौंपा ज्ञापन

- दुकानदार बोले-बिना नोटिस दिए हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डी-पार्क से लेकर मेडिकल मोड़ तक फूड कोर्ट के दुकानदारों को पुलिस ने देर रात तक दुकान खोलने की वजह से हिरासत में ले लिया और पूरी रात दुकानदारों को पुलिस थाने में रखा गया। जिसके चलते दुकानदारों में डर का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि देर रात तक जब शहर में शराब के ठेके खुले रहते है तो उन्हें कुछ नहीं कहा जाता है, लेकिन दुकानदार जब अपनी दुकाने खोलते है तो उन्हें बिना नोटिस दिए हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, जोकि उनके साथ अन्याय है। पुलिस की इस कार्यशैली से नाराज दुकानदारों ने मंगलवार को एसपी से मुलाकात की और इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा।

### आंदोलन की चेतावनी

दुकानदारों ने कहा कि अगर पुलिस का यही रवैया रहा तो व्यापारी वर्ग आंदोलन करने पर मजबूर होगा। पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों को उचित कारवाई का आश्वासन दिया। मॉडल टाऊन व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान अजय धनखड़ व व्यापारी नेता लवलीन टुटेजा ने बताया कि सोमवार रात साढ़े 11 बजे पुलिस ने फूड कोट के लगभग दो दर्जन दुकानदारों को हिरासत में ले लिया और पूरी रात दुकानदारों के साथ अमानवीय व्यवहार तक किया गया। उन्हें खाना और पानी तक नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि पीजीआई में 24 घंटे कैंटीन खुली रहती है और शहर में शराब के ठेके खुले रहते है, लेकिन पुलिस द्वारा तब कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, लेकिन जब फूड कोट के दुकानदार अपनी दुकानें खोलकर अपने परिवार का पालन पोषन करते हैं तब उन्हें बिना नोटिस दिए पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, जोकि सहीं नहीं है।

### शरारती तत्वों का लगा रहता है जमावड़ा

> दुकानदारों को कई बार समझाया गया है कि वह रात को दुकानें न खोले। दुकानदार साढ़े 11 बजे से 12 बजे बाद तक भी दुकानें खोलते हैं, जहां शरारती तत्वों का आना जाना लगा रहता है। अधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई की गई है। **-महेश कुमार**, थाना प्रभारी पीजीआईएमएस

## निगम आयुक्त ने नागरिक सुविधा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

# कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और समस्याओं का समाधान करें

- लाल डोरा के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्तियों के अधिभोगियों को दिए जाने वाले सम्पत्ति प्रमाण पत्र के कार्य में तेजी लाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त ने मंगलवार को निगम के नागरिक सुविधा केन्द्र में निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वहां कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर कार्यालय में उपस्थित रहे तथा आमजन की समस्याओ का समाधान करें। नगर निगम का मुख्य कार्य आमजन को सुविधा प्रदान करना है। सरकार द्वारा दी जा रही सेवाएं लोगो तक समयबद्ध पहुंचे, ऐसा कमिश्नर ने कहा। विशेषकर सम्पत्तिकर से संबंधित आवेदनों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करने के आदेश आयुक्त ने दिए। उन्होंने बताया कि बिना किसी कारण कोई आवेदन लंबित न रखे। चालू वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर पर 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, ये जानकारी कर्मचारी



लोगों तक पहुंचे, ये निर्देश आयुक्त कर्मियों को दिया। आयुक्त ने निरीक्षण के अलावा नगर निगम के कार्यो की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इसमें आबादी देह/लाल डोरा के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्तियों के अधिभोगियों को दिए जाने वाले सम्पत्ति प्रमाण पत्र के कार्य में तेजी लाने को कहा गया। संयुक्त आयुक्त भूपेन्द्र सिंह व नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया व नवीन कुमार धनखड़, देवेन्द्र सिंह, तिलकराज, विकास यशकीर्त आदि मौजूद रहे।

## पूजा सामग्री का सामान प्रवाहित करने आए थे, एनडीआरएफ की टीम ने 16 घंटे चलाया सर्च अभियान

# जेएलएन नहर में डूबे दोनों युवकों के शव बरामद



मृतक विकास।



मृतक दीपांशु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेएलएन नहर में मोबाइल गिरने के कारण 2 दोस्तों की नहर में डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक गांव मायना के पास पूजा सामग्री प्रवाहित करने गए थे। इस दौरान एक युवक का फोन नहर में गिर गया। मोबाइल निकालने के लिए वह नहर में उतरा तो डूब गया। इस दौरान उसे बचाने दूसरा युवक भी नहर में कूद गया और वह भी डूब गया। इसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया और रातभर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान 16 घंटे बाद मंगलवार सुबह दोनों युवकों के शव को नहर से निकाला गए। दोनों युवकों की पहचान जींद रोड जगदीश पार्क निवासी 17 वर्षीय दीपांशु और सलारा मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय विकास के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक दीपांशु ने इसी साल 12वीं की परीक्षा दी थी। जल्द ही उसका रिजल्ट आने वाला है। अच्छे नंबरों के लिए उसने नवरात्रि में व्रत रखे थे। वहीं, विकास की वर्कशॉप है, उसका कारोबार अच्छा चले, इसलिए उसने भी व्रत रखे थे। नवरात्रि पर्व खत्म होने के बाद दोनों पूजा सामग्री को नहर में प्रवाहित करने के लिए आए थे। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पीजीआई के शवगृह में पोस्मार्टम के लिए भेज दिए है। सोमवार शाम करीब 5 बजे दोनों जेएलएन नहर पर पहुंचे थे। इसके बाद दोनों नहर में पूजा सामग्री प्रवाहित करने लगे। इसी दौरान दीपांशु का मोबाइल नहर में गिर गया। जिसे निकालने के लिए दोनों नहर में कूद गए।



**रोहतक।** विलाप करते मृतक के परिजन। फोटो: हरिभूमि

### शवों को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया

> दो युवकों के नहर में डूबने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम ने सर्च अभियान चला रखा था। दोनों युवकों के शव मंगलवार सुबह नहर से बरामद किए गए हैं। जिन्हें पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया है। **-राकेश सैनी**, जांच अधिकारी, शिवाजी कॉलोनी



## जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style

# अपूर्वा



## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।


उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

### हॉलीवुड मसाला



## 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।



## आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रेन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रेन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रेन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रेन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रेन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



## नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



## 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

### टीवी मसाला



## कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमो में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

## 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

## *इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी*

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### *इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए*

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

### अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

## इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल


***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,




ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लूः पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### दूसरे दिन भी जारी रहा एनीमिया मुक्त अभियान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 'एनीमिया मुक्त, पोषण युक्त कैम्पस अभियान की गतिविधियां मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। अभियान के कंवीनर इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि इस अभियान में दूसरे दिन विभागों एवं कार्यालयों में छात्राओं, शिक्षकों और महिला कर्मियों ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जांच के साथ-साथ जांचकर्ताओं को एनीमिया के लक्षण, इसके कारण और बचाव के उपायों बारे भी बताया गया। प्रो. गर्ग ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज तथा छात्र कल्याण विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस अभियान में पहले दिन 2,000 से अधिक छात्राओं की स्वास्थ्य जांच हुई और दूसरे मंगलवार को 1,600 से अधिक छात्राओं, महिला शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों की स्वास्थ्य जांच हुई।

### हर व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभः अत्री

**सांपला।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश अत्री ने कहा कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। ताकि हर व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। सांपला पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी व सीएम सैनी सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को शिक्षा ,स्वास्थ्य सेवा ,रोटी, कपड़ा और मकान मिले। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार, किसान, मजदूर ,गरीब ,व्यापारी हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा हर कार्यकर्ता को अपने मकान पर पार्टी का झंडा लगाना चाहिए ।

# लोगों के हिस्से का पानी सोनीपत रोड पर बह रहा, पाइप डालने का काम छोड़ा अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



इतनी भयंकर गर्मी में आम जनता के हिस्से में आने वाला पानी सड़कों पर बह रहा है। जलघर में आने वाला पानी रजवाहे की साफ-सफाई और देखरेख नहीं होने से सोनीपत रोड पर ओवरफ्लो होकर बह रहा है। सोनीपत रोड पर जलभराव के चलते महिलाओं को सेक्टरों से घूमकर गांव में प्रवेश करना पड़ रहा है। नहर से जलघर में पानी लिफ्ट करने वाले रजवाहे के कारण यह समस्या बनी हुई है। पाइप डालने वाला काम अधूरा रहने के कारण वहां पर यह समस्या बनी हुई है। जिससे सेक्टर के लोगों का जीना दुभर हो रखा है। बोहर से शीला बाईपास तक नहरी पानी लाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तकरीबन ढाई किलोमीटर की भूमिगत पेयजल लाइन बिछानी थी। इसके लिए सवा करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट भी पास हुआ और काम भी शुरू हुआ। प्रोजेक्ट के लिए कंकरीट की पाइपलाइन भी आ गई और विभाग ने नियमानुसार 60 फीसदी पेमेंट भी कर दी। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एक साल नौ माह का समय था, लेकिन यह चार साल बाद भी अधूरा है। इस कार्य को ठेकेदार भी अधूरा छोड़ गए। विभाग की माने तो इस प्रोजेक्ट की आधी से अधिक राशि भी खर्च हो चुकी है। हालांकि अधिकारी इस प्रोजेक्ट को अधूरा छोड़ने के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार मानते हैं। विभाग के एक पूर्व अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके समय में ढाई किलोमीटर के प्रोजेक्ट में से पौना किलोमीटर का कार्य रह गया था। वह प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत कार्य पूरा करके सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद कार्य पूरा क्यों नहीं हुआ यह वर्तमान के अधिकारी बता सकते हैं।

### 1.89 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट 9 महीने में होना था पूरा

सोनीपत रोड के 3.5 किलोमीटर लंबे रजवाहे में 1.89 करोड़ रुपए से सीमेंट की पाइप लाइन बिछाने का प्रोजेक्ट 9 महीने में पूरा होना था। लेकिन इसका 30 प्रतिशत कार्य पूरा होने के बाद इसमें तकनीकि समस्याएं आने लगी। हुडा विभाग द्वारा भी इस काम को नहीं करने दिया। क्योंकि जलघर तक पानी पहुंचाने के लिए वैकल्पिक रास्ता भी जरूरी होना चाहिए। वैकल्पिक रास्ते के लिए जगह है नहीं अगर हुडा विभाग मंजूरी देता तो सोनीपत रोड पर बनी सड़क पर ही जलघर में पानी के लिए रास्ता बनाया जाता। इस प्रोजेक्ट में बीच में आ रही हुडा विभाग की सड़कें, दुकानें रुकावट बनीं हुई है।

### समस्या का होगा समाधान

हमारे पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। अगर इस तरह की कोई समस्या बनी हुई है तो उसका समाधान करवाया जाएगा। आमजन को इस तरह से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। प्रोजेक्ट अभी अधूरा ही है, इसे अब अमरूत-2 में शायद पूरा किया जा सकता है। इसमें कुछ टेक्निकल दिक्कतें आने के कारण यह समस्या बनी हुई थी। कुछ दिन पहले ठेकेदार की मृत्यु होने के कारण भी यह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया।

**शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**

### टूटे पाइपों से सड़क पर हो रहा जलभराव

रजवाहे के बीच में पड़े कुछ पाइप पानी को आगे जाने में रूकावट बने हुए हैं। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन पाइपों को साइड में न किए जाने के कारण सोनीपत रोड पर रजवाहे का पानी आ जाता है। जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। बारिश के मौसम में समस्या और ज्यादा बन जाती है। पाइपों के कारण पानी आगे नहीं जा पाता, वहीं पानी सड़कों पर घूमता रहता है। जिसका खामियाजा सेक्टरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। पार्षद की शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

## व्यापारियों को वित्तीय बोझ से मुक्ति दिलवाकर नई शुरुआत करने का दिया गया है अवसर

# बकाया कर भुगतान के लिए शुरू की गई ओटीएस योजना का उठाएं लाभ : देवेंद्र

- करों की बकाया राशि के भुगतान के लिए बनाए गए तीन स्लैब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



प्रदेश के आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव देवेंद्र कल्याण ने जिला के व्यापारियों का आह्वान किया कि वे जीएसटी विभाग द्वारा चलाए जा रहे एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने व्यापारियों विशेषकर छोटे व्यापारियों के हित को देखते हुए यह योजना शुरू की है। ओटीएस स्कीम-2025 करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्ति दिलाकर नई शुरुआत करने का अवसर देगी। इससे पूर्व प्रधान सचिव ने जीएसटी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को एकमुश्त समाधान योजना के तहत तेजी से कार्य करने व संबंधित व्यापारियों को जागरूक करने के निर्देश दिए। प्रधान सचिव देवेंद्र कल्याण ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में व्यापारियों की ट्रेड एसोसिएशन के अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यापारी गण की बैठक ली तथा उन्हें एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही एकमुश्त समाधान योजना की बारीकियों की जानकारी दी तथा व्यापारियों को एकमुश्त समाधान योजना के तहत आवेदन देने के लिए उत्साहित किया। प्रधान सचिव देवेंद्र कल्याण ने व्यापारियों के सभी मुद्दों के निवारण का आश्वासन दिया। जिला के 3849 व्यापारी एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते है।देवेंद्र कल्याण ने कहा कि एकमुश्त समाधान योजना व्यापारियों को टैक्स पर ब्याज एवं पैनल्टी की छूट तो मिलेगी ही साथ ही 10 लाख रूपए तक बकायादार व्यापारियों को एक लाख रूपए की छूट के साथ बकाया टैक्स का 40 प्रतिशत ही जमा करना होगा। व्यापारियों को राहत प्रदान करने के लिए विभाग ने तीन स्लैब तैयार किए हैं। दस लाख तक के बाकायादार व्यापारियों को ब्याज व जुर्माना पर पूरी छूट के अलावा सिर्फ 40 प्रतिशत राशि ही करवानी होगी जमा। प्रधान सचिव देवेंद्र कल्याण ने कहा कि इसके लिए व्यापारी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। स्कीम 6 माह तक चलेगी। यदि किसी व्यापारी पर 3 लाख रूपये बकाया है। इसमें एक लाख ब्याज और 50 हजार पैनल्टी है। माफ होने के बाद 1.50 लाख रूपये बचता है। इसमें 1 लाख की छूट प्रदान की गई है। इस तरह सिर्फ 50 हजार रूपये का 40 प्रतिशत यानि 20 हजार रूपये ही जमा करने होंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त ईटीसी विद्या सागर आदि रहे।

### जीएसटी बारे किया जाए जागरूक

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि जीएसटी आदि के बारे में हितधारकों व सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिलवाया जाए। लेखा अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को जीएसटी व अन्य बिक्री कर नियमों बारे जागरूक किया जाए। इंजीनियरिंग विभागों द्वारा आवश्यकता अनुसार खरीददारी की जाती है, जिन्हें जीएसटी व बिक्री कर नियमों की जानकारी होने से सुविधा होगी। जीएसटी विशेषज्ञ से समय-समय पर ऐसी जानकारी दिलवाई जाए।

### पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन

देवेंद्र कल्याण ने कहा कि प्रथम स्लैब के तहत 10 लाख तक के बकायादार को एक लाख रूपए की टैक्स छूट और कोई ब्याज व पेनल्टी नहीं देनी होगी। शेष टैक्स राशी का 40 प्रतिशत ही जमा करके निपटारा हो जाएगा। दूसरे स्लैब के तहत 10 लाख रूपए से 10 करोड रूपए के बकायादार को ब्याज और पेनल्टी नही देनी होगी। शेष टैक्स राशी का 50 प्रतिशत ही एकमुश्त या फिर 2 किश्तों में भुगतान कर सकते हैं। तीसरे स्लैब के अनुसार 10 करोड़ से अधिक के बकायादार को सिर्फ ब्याज और पैनल्टी पर छूट के अलावा अन्य कोई छूट नहीं मिलेगी। उन्हें टैक्स राशी का शत प्रतिशत जमा करना होगा। व्यापारी इस स्कीम का लाभ लेकर बकाया देनदारी से मुक्त हो सकते हैं। एक मुश्त समाधान योजना बकायादार व्यापारियों के लिए जीवनदायिनी है। स्कीम 6 माह तक चलेगी। व्यापारी आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए व्यापारी अपने अधिवक्ता, संबंधित इलाके के अधिकारी ईटीओ व कर निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।



### हवन एवं मंत्रोचारण के साथ हुआ नए सत्र का प्रारंभ

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ हुआ, जिस के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा व विशिष्ट अतिथि तपस्वी संत श्रीश्री 1008 बाबा कालिदास रहे। यज्ञ के साथ सत्र का प्रारंभ करते हुए वार्षिक उत्सव का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य संदीप नैन ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यालय की बढ़ती छात्र संख्या और गो ग्रीन प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बाबा कालिदास ने विद्यालय की तारीफ़ करते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को पूर्ण विश्वास के साथ विद्यालय भेजें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शिक्षा ही एकमात्र विकल्प है जब भारत विश्व गुरु बनेगा। कालिदास महाराज ने विद्यालय के जेईई क्वालिफाइड छात्र अतुल व खंड सांपला में प्रथम छात्रा सीपांशी को सम्मानित किया। स इस अवसर पर गत वर्ष के होनहार विद्यार्थियों रितिका, जया, रिया, जय रानी, साक्षी, सुमांशु, भूमिका, मधु, ज्योति, मनीष, रितेश, राधे, अंजलि, भूमि को सम्मानित किया गया। परीक्षित नंदिनी, दुष्यंत, शिवम को खेल स्पर्धाओं व हर्षिका भव्य नितिन को गीता जयंती में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।



**रोहतक।** भाजपा मोखरा मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ट का दिनेश मुदगल के निवास स्थान पर पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर सुभाष शर्मा, शिव शंकर, धर्मवीर राठी, रविंद्र मुदगिल, लक्ष्य, यश आदि मौजूद रहे। *फोटो : हरिभूमि*

## स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू मुक्त बनाएंगे : डॉ अमित

- यूडीएफ ने चलाया 'तम्बाकू मुक्त भारत' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) देशभर के चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों का प्रमुख संगठन है। मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लक्ष्य मित्तल और हरियाणा अध्यक्ष डॉ अमित व्यास के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने हरियाणवी गायक अमित सैनी रोहतकीया से मुलाकात कर 'तम्बाकू मुक्त भारत' अभियान पर चर्चा की। डॉ व्यास ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देना। लोगों को तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना। तम्बाकू उत्पादों की बिक्री और विज्ञापन पर नियंत्रण, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों को तम्बाकू मुक्त बनाना है। डॉ. अमीषा मिश्रा और डॉ सिमरन सांगवान ने बताया कि यह अभियान तंबाकू से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने और एक स्वस्थ, स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने की दिशा में समर्पित है। यूडीएफ़ द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त भारत अभियान के प्रति अपनी शुभकामना संदेश के रूप में अमित सैनी ने इसे आमजन तक साझा किया। डॉ प्रियंका वशिष्ठ और डॉ तन्मय ने बताया कि सैनी द्वारा प्रदत्त किया गया संदेश न केवल हमारे अभियान को नैतिक समर्थन देगा, बल्कि जनसामान्य में इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होगा।

# दो युवकों पर हमले के आरोपी काबू चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



पुलिस ने बहुअकबरपुर निवासी युवक व उसके दोस्त पर होली वाले दिन हिसार बाइपास रोहतक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि होली वाले दिन पुलिस को सूचना मिली की हिसार बाइपास पर दो युवकों को गोली मारने की घटना को अंजाम दिया गया है। दोनों युवक को उपचार के लिए पीजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया है। गांव बामड़ोला जिला झज्जर हाल गांव बहुअकबरपुर निवासी साहिल की शिकायत के आधार पर थाना शहर में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि साहिल ट्रांसपोर्ट का काम करता है। ट्रांसपोर्ट के दौरान साहिल की दोस्ती नसीब के साथ हुई थी। साहिल व नसीब दोनों ने मिलकर करीब 6-7 माह पहले एक ट्रक 13 लाख 45 हजार रुपये में खरीदा था। ट्रक पर 9 लाख रुपये का फाइनेंस बकाया था। साहिल को अपने हिस्से के 2.25 लाख रुपये और देने थे। करीब एक माह पहले साहिल व नसीब के बीच कहासुनी हो गई। दोनों ने गाड़ी का साझा अलग कर लिया। गाड़ी नसीब को दे दी। नसीब ने साहिल को 2 लाख रुपये देने थे। नसीब ने साहिल को एक लाख रुपये दे दिए व एक लाख बाद में देने को कहा। रुपयों को लेकर साहिल व नसीब के बीच विवाद चल रहा था। 13 मार्च को साहिल अपने दोस्त के साथ ऑफिस की तरफ जा रहा था। तभी नसीब ने साहिल की तरफ गोली चलाई। गोली साहिल के सिर को छुती हुई निकल गई। साहिल भागने लगा तो उसकी कमर में गोली लगी।




**रोहतक।** जागरूकता रैली कार्यक्रम का शुभांरभ करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ,निदेशक डॉ. एसके सिंघल ,महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट रोहतक व विद्यार्थी।

# अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजीः कुलपति अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रहना हर किसी की प्राथमिकता बन चुका है, लेकिन स्वस्थ जीवन शैली अपनाना कोई जटिल कार्य नहीं है। कुछ आसान और प्रभावशाली आदतों को अपनाकर आप बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हमारे बुजूर्गों ने भी कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य सबसे बडी पूंजी होता है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वें मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई जागरूकता रैली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि डब्ल्यूएचओ का मुख्य कार्य दुनियाभर में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की निगरानी करना और उनका समाधान ढूंढने में सहायता करना है। विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है" जो इस बात पर जोर देती है कि हर व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रयास करना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्सश प्लेटफॉर्म पर एक मैसेज शेयर किया, जिसमें वैश्विक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।



निकुंज
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं

### सूचना

श्रीमती सुरेश देवी पत्नी श्री जयभगवान निवासी द्वारका (31) भिवानी दानदामा, हरियाणा संपत्ति की मालिक हैं अर्थात् मकान नाप 100 वर्ग गज जो कि प्लॉट नं. 22 मिन जो कि जुमला खेवट नं. 624 मुस्तिल और किला नं. 297/5/2 का पश्चिमी भाग है और मौजा गढ़ी बोहर रोहतक में स्थित है और उक्त संपत्ति की मूल सेलडीड नं. 5465 दिनांक 01/07/2019 और सेलडीड सं. 11474 दिनांक 12/11/2018 गुम हो गई हैं जिसकी पुलिस रिपोर्ट नं. 132370312400229 दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को उपरोक्त खोई हुई टाइटल डीड मिलती है या किसी का कोई दावा है तो वह अधोहस्ताक्षरी को वह समाचार पत्र में प्रकाशित इस सूचना के 15 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को सूचित कर सकता है। उक्त अवधि गुजरने के बाद उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

श्री विपुल कपूर, एडवोकेट चैंबर नं. 246,जिला न्यायालय रोहतक,
मो. 9896205220

## आयोग के गठन से अब एक लाख से ज्यादा अपील व शिकायत आ चुकी है

# 19 साल में 4043 दोषी जन सूचना अधिकारियों पर लगा जुर्माना, 1965 ने अभी तक नहीं भरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

राज्य सूचना आयोग हरियाणा के आदेशों के बाद भी सूचना ना देने के दोषी लगभग आधे राज्य जन सूचना अधिकारियों ने सरकारी खजाने में जुर्माना जमा नहीं करवाया है। राज्य सूचना आयोग की स्थापना से लेकर अब तक सूचना आयोग हरियाणा में एक लाख से ज्यादा अपील व शिकायत आ चुकी हैं। यह जानकारी हरियाणा सूचना अधिकार मंच के राज्य संयोजक सुभाष द्वारा आयोग में किए गए एक सूचना आवेदन में निकल कर आई है।

जानकारी के अनुसार 31 जनवरी 2025 तक की अवधि में सूचना अधिकार कानून की धारा 20 (1) के तहत कुल 4043 मामलों में दोषी राज्य जन सूचना अधिकारियों पर 5 करोड़ 90 लाख 46 हजार 490 रूपये जुर्माना किया गया। अभी तक 1965 राज्य जन सूचना अधिकारियों पर 3 करोड़ 6 लाख 924 रूपये जुर्माना बकाया है जिन्होंने जुर्माना सरकारी खजाने में जमा नहीं करवाया है। वर्ष 2015 में 2971, वर्ष 2016 में 2468, वर्श 2017 में 1935, वर्ष 2018 में 2511, 2019 में 3233, 2020 में 2821, 2021 में 1964, 2022 में 1797, 2023 तक 1980, 2024 में 3159 और 2025 के जनवरी माह में 153 राज्य जन सूचना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बहुत सारे ऐसे अधिकारी हैं जिन पर वर्षों पहले जुर्माना लगा और उन्होंने अभी तक अदा नहीं किया है। कुछ अधिकारी वकीलों को मोटी रकम देकर जुर्माने के खिलाफ अदालतों में भी चले गए। जुर्माना न अदा करने वाले अधिकारियों की लिस्ट काफी लम्बी है।

### 32827 मामलों में कारण बताओ नोटिस-

मंच संयोजक सुभाष के अनुसार आयोग द्वारा 32827 मामलों में धारा 20 (1) के तहत जन सूचना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। आयोग का दावा है कि कारण बताओं नोटिस के बाद दोनों पक्षों को सुनवाई का मौका दिया गया। इस दौरान 4043 मामलों में दोषी राज्य जन सूचना अधिकारियों पर जुर्माना लगाया।

### आयोग ने दिए हर्जाने के आदेश

यही नहीं राज्य सूचना आयोग ने सूचना अधिकार कानून की धारा 19(8)(बी) के तहत 3500 के करीब मामलों में आवेदकों को हर्जाने के आदेश भी दिए गए हैं।

### 25 अधिकारियों को जारी किया गया नोटिस

राज्य सूचना आयोग हरियाणा द्वारा वर्ष 2006 में 25 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 2 मामलों में जुर्माना किया गया। 2007 में 308 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। यहां 16 मामलों में जुर्माना किया गया। 2008 में 575 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 63 मामलों में जुर्माना किया। 2009 में 719 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 76 मामलों में जुर्माना किया गया। 2010 में आयोग ने 799 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और कुल 108 मामलों में जुर्माना किया गया। 2011 में 957 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 49 मामलों पर जुर्माना लगाया गया। 2013 में 1457 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और 204 मामलों में जुर्माना किया गया। 2014 में 2096 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और केवल 395 मामलों में जुर्माना लगाया गया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
- एचआर हेड (महिला)
- फील्ड ऑफिसर
- टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com

WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### जगन्नाथ आश्रम की लड़कियों को नवाजा

**रोहतक।** उपायुक्त एवं बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा ने स्थानीय जगन्नाथ आश्रम बाल भवन में रह रही लड़कियों को सम्मानित किया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। इन लड़कियों में प्रियंका, गुडिया व वंशिका शामिल है। यह लड़कियां स्थानीय राजकीय मॉडल मिडल स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही है। धीरेंद्र खड़गटा ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में इन बालिकाओं को सम्मानित करते हुए उज्वल सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्राओं को दिखाई 'सिपाही' फिल्म

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा छात्राओं को 'सिपाही' फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म का उद्देश्य भारतीय सिनेमा के माध्यम से समाज और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने की महत्ता को दर्शाना है। /"सिपाही/" फिल्म में अमित भड़ाना द्वारा अभिनीत विजय मल्होत्रा एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं, जो अपने देश और लोगों की रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार है, भले ही वह नियमों के खिलाफ हो।

### गो सेवा करना अच्छा कार्यः पार्षद प्रवीण

**रोहतक।** मंगलवार को नगर निगम वार्ड 20 के पार्षद प्रवीण कौशिक ने अपना जन्म दिन मनाया। इन्होंने इस मौके पर केक काटकर,हवन करके,गो माता को चारा व गुड़ डाला। पौधारोपण भी पार्षद ने किया। कौशिक ने कहा कि मेरा जन्म दिन लोगों की सेवा में समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि पहरावर स्थित नंदिनी गौशाला में हरा चारा व गुड़ डालकर गौ माता की सेवा की। गो माता की सेवा करना सबसे उत्तम कार्य है। गऊ माता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है।

## बैठक में नौ पार्षद और सदन 14 सदस्यीय रहे शामिल

# शांतिपूर्वक हुई जिप बैठक, 8 में से 6 एजेंडे पास, 2 रखे होल्ड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करीब नौ महीने तक चली राजनीतिक उठापटक के बाद मंगलवार को जिला परिषद की बैठक शांतिपूर्वक हुई। बैठक पूर्व निर्धारित समय सुबह साढ़े ग्यारह बजे के करीब ही प्रारंभ हुई। इसमें नौ पार्षद शामिल रहे। जबकि सदन 14 सदस्यीय है। पांच पार्षद डिबार करने की वजह से कार्यवाही में भाग नहीं ले सके। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने की। जो एजेंडे पारित हुए हैं, उनमें वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में उपलब्ध राशि खर्च करने,जिला परिषद से प्राप्त प्रस्तावित विकास कार्यों को स्वीकृति, 21 लाख रुपये तक के कार्यों को विभागीय प्रक्रिया से क्रियान्यवित करने, वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने, पंचायती राज अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के





प्रावधानों के अनुसार जिला परिषद के सभी 14 वार्ड में राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग के तहत फंड वितरित के लिए निगरानी कमेटी गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी वार्ड का एक समान विकास कार्य कराया जाएगा।

### हंगामे के बीच जुलाई 2024 में ये एजेंडे किए थे रद

- सरकार की नवीनतम हिदायतों के अनुसार एसएफसी में करवाए जाने पर पार्षदों ने मुहर नहीं लगाई थी
- पूर्व में दिए गए विकास कार्यों को, जन संवाद में लिए गए कार्यों पर भी की थी ना-नुक्कर
- एमएलएड स्कीम में पूर्व में लिए गए स्वीकृत कार्यों की, जेडपीडीपी प्लान 2024-25 में शामिल करके फाइनल ऐस्टीमेट पर कर दिया था हंगामा
- एसएफसीके अर्न्तगत उपलब्ध धन राशि पर हुई थी तू-तू मैं-मैं
- पूर्व बैठक में जो भी विकास कार्य कियान्वित किये गये थे, उन पर हुई थी रार
- प्रशासनिक स्वीकृति ई टेंडरिंग की प्रशासनिक स्वीकृति को भी डाल दिया गया था बट्टे-खाते

### जुलाई में चेयरपर्सन मंजू हुड्डा और पार्षदों में हुई थी खींचातानी

मीटिंग में मौजूद पार्षदों में वार्ड नंबर दो से पूजा रानी, तीन से मांगेराम, छह से सतपाल, सात से सीमा, नौ से नीलम, 10 से जयदेव, बारह सुमन, तेरह से सतीश शामिल रहे। और वार्ड नंबर एक से अमित कुमार, 4 से अनिल कुमार, आठ से धीरज मलिक, ग्यारह दीपिका और 14 से सोनू को डिबार किया हुआ है। ध्यान रहे कि गत जुलाई में बजट को लेकर चेयरपर्सन मंजू हुड्डा और पार्षदों में खींचातानी हो गई थी। मामला कोर्ट-कचहरी तक पहुंचा और अब जाकर जिला परिषद में शांति बनी है।

## मदीना गांव में पंचायत का आयोजन

# सरकार को आईआईटी के लिए 300 एकड़ जमीन देने की बनाई योजना



**महम।** मदीना गांव में आयोजित पंचायत में भाग लेते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मदीना गांव में एक पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में गांव में आईआईटी के लिए 300 एकड़ जमीन देने की योजना बनाई गई। इस योजना के तहत गांव के लोग चाहते हैं कि उनके गांव में आईआईटी खुले। जिससे गांव और आस पास के इलाके का विकास हो सके। गांव में आईआईटी बनने से युवाओं को रोजगार मिल सके। बताते हैं कि सरकार ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के लिए 300 एकड़ जमीन के लिए पंचायतों से प्रस्ताव मांगे है। इसको लेकर गांव में एक माहौल बनाया जा रहा है, ताकि गांव की सहमति से यह प्रस्ताव पास करके सरकार के पास भेजा जा सके। पंचायत में गांव के लोगों की सहमति ली गई। जिसमें ग्रामीणों ने सहमति जताई है।

### *ग्रामीणों ने तमाम तैयारियां की पूरी*

*ग्रामीणों ने कहा है कि आईआईटी जैसे बड़े संस्थान बनना उनके लिए खुशी की बात है। इस उच्च शिक्षण संस्थान की 300 एकड़ जमीन देने के लिए गांव के किसानों को राजी किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी उन किसानों से लिखित स्वीकृति लेगी, जो स्वेच्छा से जमीन सरकार को देना चाहते हैं। इसके लिए किसानों को सरकार मुआवजा भी देगी। ग्रामीणों ने वे तमाम तैयारियां कर ली हैं, जो आईआईटी के लिए जरूरी होती हैं। ग्रामीणों द्वारा पंचायत में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। भूमि अधिग्रहण संबंधी जो भी औपचारिकताएं होंगी, वह ग्रामीण जल्द से जल्द पूरी करके सरकार के पास भेजेंगे।*

# चार अवैध कॉलोनियों में की तोड़फोड़

- 6.6 एकड़ में विकसित की जा रही थी कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला नगर योजनाकार द्वारा जिले में पिछले काफी समय से अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मंगलवार को गांव मकड़ौली खुर्द व भैयापुर में लगभग 6.6 एकड़ में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया। इसके अलावा शिमली गांव में 60 मीटर हरित पट्टी में निर्मित किए गए एक अवैध निर्माण को भी गिराया गया।

इन अवैध कॉलोनियों में कच्चा रोड नेटवर्क, 4 चारदीवारी, 17 नींव को तोड़ा गया है। टीम के साथ किसी तरह की कोई अनहोनी न हो इसके लिए पुलिस की टीम भी साथ में मौजूद रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला में अवैध कॉलोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वह अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें।

### *अवैध कॉलोनियों में न लगाएं जमा पूंजी*

*जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी।*

### एसडीएम ने स्कूल बसों का निरीक्षण किया



**सांपला।** मंगलवार को सांपला एसडीएम उत्सव आनंद ने सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी के तहत निजी स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ आरटीओ व शिक्षा विभाग की टीम साथ थी। अधिकारी ने निजी स्कूल संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का अनुसरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी के अनुसार ही वाहन चलाएं, ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को होने वाली दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

*बाबा मस्तनाथ विवि में कार्यक्रम का आयोजन*

# स्वास्थ्य केवल एक व्यक्ति से नहीं बल्कि संपूर्ण समाज की नींव : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कृष्ण सिंह बधवार और एडमिन ऑफिसर कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ के कुशल दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सहभागिता की तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया। कैडेट्स ने अपनी रचनात्मकता और संदेशों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्यजैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रोशनी डाली। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएल



**रोहतक।** सकार्यक्रम के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. एच.एल. वर्मा, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार व अन्य।

वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य केवल एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज की नींव है। इस कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम /"स्वस्थ शुरुआत, आशावान भविष्य/" पर विशेष जोर दिया गया। जिसमें मातृत्व एवं नवजात स्वास्थ्य पर विस्तृत चर्चा और जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर डीन इंजीनियरिंग डॉ. मुकेश सिंगला, डॉ. राहुल, डॉ. मनजीत सहित शिक्षक , एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

### वाईआरसी कैंप में वैश्य कॉलेज ने जीती ट्रॉफी

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में 6 दिवसीय जिला स्तरीय वाईआरसी कैंप का समापन हुआ। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि इन 6 दिनों में हमने जो भी सीखा, उसे अपने जीवन में उतरना है और सेवा भावना के साथ समाज सेवा का काम करना है। वाईआरसी काउंसलर डॉ. विनीत बाला ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने बताया कि गायन में प्रथम स्थान नेहा, द्वितीय स्थान मानसी व तृतीय स्थान अनामिका ने प्राप्त किया। वहीं, रंगोली में प्रथम स्थान सान्या व उसकी टीम, द्वितीय स्थान शानू व उसकी टीम व तृतीय स्थान तान्या व उसकी टीम ने प्राप्त किया। साथ ही नृत्य में प्रथम स्थान ज्योति, द्वितीय स्थान ईशा व तृतीय स्थान तनिषा ने प्राप्त किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



# 8 से 22 तक आयोजित होगा पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का 7वां स्करण 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी और परंपरा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। पोषण पखवाड़ा 2025 बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिनों पर केंद्रित है, क्योंकि यह बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि प्रौद्योगिकी का उपयोग पोषण ट्रैकर आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण सेवाओं की वास्तविक समय निगरानी में सक्षम बनाता है। लाभार्थी अब बेहतर पहुंच के लिए पोषण ट्रैकर वेब ऐप के माध्यम से स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं। तीव्र कुपोषण के सामुदायिक-आधारित प्रबंधन (सीएमएएम) प्रोटोकॉल कुपोषण का शीघ्र पता लगाने और समुदाय-आधारित प्रबंधन में मदद करता है।

### *कुपोषण के खिलाफ करेगा जागरूक*

*कुपोषण सिर्फ कम वजन वाले बच्चों के बारे में नहीं है। यह ज्यादा वजन वाले बच्चों के बारे में भी है, जबकि भारत कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखता है। बचपन का मोटापा एक बढ़ती चुनौती है। आज की दुनिया में बच्चे ज्यादा वसा, ज्यादा चीनी, ज्यादा नमक, कम ऊर्जा और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों के संपर्क में आ रहे हैं। पोषण पखवाड़ा 2025 सिर्फ एक जागरूकता अभियान नहीं है। यह पोषण, एक मां एक बच्चा और एक समय में एक भोजन को बदलने का एक आंदोलन है।*

*सतर्क रहकर साइबर अपराध से करें बचाव*

# हैकर्स गलत मैसेज भेजकर लोगों को करते हैं गुमराह : सीजेएम

## किसी अनजान व्यक्ति को कभी ओटीपी न बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फैकल्टी आफ लॉ में साइबर अपराध बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया। पुलिस विभाग की साइबर अपराध शाखा से उपनिरीक्षक सोनू भी उपस्थित रहे। डॉ. तरन्नुम खान ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने व उससे होने वाले फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हैकर्स गलत मैसेज भेज कर लोगों को गुमराह करते है और बैंक खातों से संबंधित जानकारी हासिल कर लेते है। उन्होंने कहा कि किसी भी



**रोहतक।** साइबर अपराध बारे विद्यार्थियों को जागरूक करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ।

स्थिति में अपना ओटीपी किसी को न बताएं। यदि हैकर्स को ओटीपी प्राप्त हो जाता है तो आपका बैंक खाता खाली हो सकता है।ॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आगामी 10 मई 2025 को स्थानीय कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा 24 अप्रैल 2025 को इस्माइल 11 बी स्थित राजकीय महिला वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी सरकारी विभागों द्वारा हेल्प डेस्क लगाकर आम जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा।

### अब तक 2039.56 गेहूं और 15430.67 एमटी सरसों की खरीद

**रोहतक।** शहर की न्यू अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक बनी हुई है। खरीद एजेंसिया लगातार गेहूं व सरसों की खरीद कर रही है। लेकिन उठान धीमा होने के कारण दो से तीन दिन बाद किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि जब तक उठान नहीं होगा तब तक आगामी फसल को जगह नहीं मिल पाएगी। ऐसे में उन्हें और परेशान होना पड़ सकता है। लेकिन मंडी सचिव का कहना है कि खरीद एजेंसियां साथ की साथ उठान भी कर रही है। मजदूर लगातार फसलों को बारदाने में भरने का काम कर रहे है। ताकि उठान में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि किसान गेहूं व सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाएं। अब तक जिला की मंडियों में 2039.56 मीट्रिक टन गेहूं एवं 15430.67 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरकार द्वारा सरसों के लिए 5950 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

## कार्यक्रम | महम काठमंडी में भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन

### राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकि और जिला महामंत्री सुखबीर चंदोलिया ने सम्मेलन को संबोधित किया

# भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ करते हैं कार्य : रामचंद्र जांगडा



**महम।** भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन को संबोधित करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कस्बा महम स्थित काठमंडी स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकि और जिला महामंत्री सुखबीर चंदोलिया ने संबोधित किया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक एक कार्यकर्ता आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए संकल्प ले प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत को साकार करने के लिए दिन रात एक करें। उन्होंने कहा कि आज देश में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में नायब सैनी सच्चे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नेता नेतृत्व कर रहे हैं। आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज भारत विकसित भारत बनने से बस कुछ कदम दूर है और ये सब भाजपा की सरकार बनने पर सम्भव हुआ है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो विचार लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा का कार्यकर्ता अपने देश को प्रथम समझता है और अंतिम आदमी के उत्थान के लिए कार्य करता है। उसके लिए राष्ट्र की एकता ही सब कुछ है धारा 370 का टूटना भी भाजपा की दृढ़ता का परिणाम है।

### ये रहे मौजूद

सम्मेलन को प्रदेश प्रवक्ता शमशेर खरक, महंत सतीश दास, जिला महामंत्री सुखबीर चंदोलिया, पूर्व प्रत्याशी अजीत अहलावत, दीपक हुड्,डा सत्यप्रकाश बिसला, नवीन ढुल और राजबीर आर्य आदि ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस मौके कर्नल संदीप नैन, धर्मवीर खत्री, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अमित जांगडा, मुकेश वशिष्ठ, अमित चौहान, वीरू गिरोत्रा, रेखा रोहिला, डॉ राजेश रोहिला, राजेश शर्मा गिरावड़, मीना वाल्मीकि, रामनिवास निंदाना, अंग्रेजों देवी, मधुसूदन शर्मा, सुनीता यादव, कमल खेड़ी, सतपाल सढाना, जसू नाई, प्रवीन खत्री, बसंत लाल गिरधर, फतेह सिंह, अशोक कौशिक, विशेष दांगी, रणधीर बड़ाली, एमसी विकास श्योराण, दयानंद महम, महिपाल इंद्रगढ, सुखबीर गोयत, राकेश शर्मा, अशोक, यशपाल, अजीत, सुरेश, सैमान, बारू पांचाल व सुरेश बेड़वा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बवानी खेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलने वालीं पार्टी है। पार्टी हर कार्यकर्ता को मान सम्मान देती है। उन्होंने कहा आज वे विधायक बने हैं तो भाजपा के कारण बने हैं।